पत्रांक–13/ ने0 6-04/2024........929......../

# झारखण्ड सरकार
# स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
## (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

**कुँवर सिंह पाहन,**
संयुक्त सचिव, माध्यमिक शिक्षा,
झारखण्ड, राँची।

सेवा में,

**प्राचार्य,**
नेतरहाट आवासीय विद्यालय,
नेतरहाट।

राँची, दिनांक 19/03/2025

**विषय :– दिनांक 18.02.2025 को सम्पन्न नेतरहाट आवासीय विद्यालय से संबंधित सामान्य निकाय के बैठक की कार्यवाही के प्रेषण के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची की अध्यक्षता में दिनांक 18.02.2025 को एमडीआई भवन के प्रथम तल के सभागार में सम्पन्न हुई नेतरहाट आवासीय विद्यालय से संबंधित सामान्य निकाय के बैठक की कार्यवाही की प्रति माननीय मंत्री एवं सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के अनुमोदनोपरांत आवश्यक अग्रेत्तर कार्रवाई के निमित्त संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

**अनुलग्नकः**– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

(कुँवर सिंह पाहन),
**संयुक्त सचिव,** माध्यमिक शिक्षा,
**झारखण्ड, राँची।**

दिनांक–18.02.2025 को मध्याह्न 12:00 बजे एमडीआई भवन के प्रथम तल के सभागार में माननीय विभागीय मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई नेतरहाट आवासीय विद्यालय से संबंधित सामान्य निकाय के बैठक की कार्यवाही :–

1. बैठक की उपस्थिति :

| क्र. | नाम | समिति में धारित पद | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रामदास सोरेन, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची | अध्यक्ष | उपस्थित |
| 2. | विकास आयुक्त, झारखण्ड सरकार, रांची | सदस्य | अनुपस्थित |
| 3. | सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, रांची | सदस्य | उपस्थित |
| 4. | निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, रांची | सदस्य | उपस्थित |
| 5. | प्रमंडलीय आयुक्त, पलामू | सदस्य | अनुपस्थित |
| 6. | उपायुक्त, लोहरदगा | सदस्य | उपस्थित |
| 7. | उपायुक्त, लातेहार | सदस्य | उपस्थित |
| 8. | श्री ज्योति भ्रमर तुबिद, से.नि., भा.प्र.से., (पूर्ववर्ती छात्र), नेतरहाट आवासीय विद्यालय नेतरहाट | विशेष आमंत्रित | उपस्थित |
| 9. | वित्त विभाग, के प्रतिनिधि (वित्त सचिव द्वारा मनोनीत सदस्य) वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | सदस्य | अनुपस्थित |
| 10. | डॉ. गिरीन्द्र प्रसाद, पूर्व शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | अनुपस्थित |
| 11. | श्री मुरलीधर कोटवार, पूर्व शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |

| क्र. | नाम | समिति में धारित पद | उपस्थिति |
| --- | --- | --- | --- |
| 12. | श्री धर्मराज सिंह, राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्, नेतरहाट विद्यालय समिति | सदस्य | उपस्थित |
| 13. | प्रो. बैद्यनाथ लाभ, पूर्ववर्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | अनुपस्थित |
| 14. | डॉ. आशीष आलोक, पूर्ववर्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 15. | श्री संतोष उरांव, सभापति, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति, नेतरहाट | सभापति, कार्यकारिणी समिति, ने.वि.स. | उपस्थित |
| 16. | डॉ. कामिनी कुमार, (राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्), झारखण्ड, रांची | सदस्य | उपस्थित |
| 17. | श्री संतोष कुमार, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव | उपस्थित |
| 18. | श्री सुनील चन्द्र, (पूर्ववर्ती छात्र), नेतरहाट आवासीय विद्यालय नेतरहाट | विशेष आमंत्रित (द्वारा प्राधिकृत श्री रमानिवास) | उपस्थित |
| 19. | श्री राजेश कुमार मुर्मू, अधीक्षण अभियंता, दुमका, (पूर्ववर्ती छात्र), नेतरहाट आवासीय विद्यालय नेतरहाट | विशेष आमंत्रित | उपस्थित |

सर्वप्रथम सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का परिचय प्राप्त किया गया एवं तदोपरांत माननीय विभागीय मंत्री की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी।

2. <u>कार्यसूची की मद संख्या–01</u> : नेतरहाट आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को कैसे विकसित किया जाय :–

इस विषय के संदर्भ में चर्चा करते हुए बैठक में उपस्थित सदस्यों का सुझाव हुआ कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय को राज्य के एक Feeder School के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता है। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने हेतु आगामी 10 वर्षों को ध्यान में रखकर विद्यालय की वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार करने तथा समय के साथ नये तकनीकी विषयों के लिये आधारभूत संरचना विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। चर्चा के क्रम में यह बात प्रकाश में आया की विद्यालय में शिक्षकों के कुल स्वीकृत पद 47 के विरूद्व वर्त्तमान में मात्र 29 शिक्षक ही कार्यरत हैं जिनमें से 20 नियमित शिक्षक हैं एवं 9 शिक्षक अनुबंध पर कार्यरत हैं। इस स्थिति पर सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा चिंता जाहिर करते हुए शिक्षकों की रिक्त को भरने हेतु आवश्यक प्रकिया शीघ्र पूर्ण करने के संबंध में सभी पहलुओं पर चर्चा की गयी। विद्यालय में नामांकित छात्रों में वर्त्तमान समय के अनुरूप एवं भविष्य के माहौल के अनुसार शैक्षणिक विकास हेतु गुणवत्तापूर्ण एवं कौशल आधारित शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत बतायी गयी। रोबोटिक्स, ए0आई0 इत्यादि तकनीकी विषयों का भी समावेश करते हुए पढ़ाई कराने एवं संबंधित नये लैब स्थापित किये जाने पर जोर दिया गया। शिक्षण की गुणवता में सुधार हेतु शिक्षकों को कौशल परक बनाने एवं समय समय पर शिक्षकों के लिए समुचित प्रशिक्षण की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल को विकसित करने एवं छात्रों के सर्वांगिम विकास हेतु राज्य के प्रतिष्ठित संस्थानों यथा आई.आई.एम, आई.एस.एम, XLRI से समन्वय स्थापित कर **नियमित अंतराल पर विद्यालय में शैक्षणिक कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया।** साथ ही किसी प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान से टाई–अप करके विद्यालय की सभी व्यवस्थाओं की **नियमित अंतराल पर सामान्य अंकेक्षण एवं एकेडमिक आंडिट कराने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।** छात्रों के शैक्षणिक विकास की रूपरेखा तय करने हेतु **सी.बी.एस.ई. के तर्ज पर सभी छात्रों का प्रतिवर्ष रिपोर्ट कार्ड तैयार करने का निर्देश प्राचार्य को दिया गया।** इसके अलावा छात्रों को देश अथवा राज्य के प्रतिष्ठित संस्थानों में भी भ्रमण कराने पर विचार किया गया ताकि छात्रों

में आई.आई.टी, मेडिकल तथा रोबोटिक्स, ए0आई0 जैसे नये विषय के प्रति रूझान पैदा हो सके। समय–समय पर विषय विशेषज्ञों को विद्यालय में आमंत्रित कर छात्रों हेतु कक्षा संचालित किए जाने का भी निर्देश दिया गया। कक्षा 10 के पश्चात विद्यालय में छात्रों की संख्या कम हो जाने पर विमर्श के क्रम में यह बात सामने आयी की जो छात्र नीट एवं जे. ई. ई. की तैयारी करना चाहते हैं उन्हें इस विद्यालय में कोचिंग की समुचित व्यवस्था नहीं मिलने के कारण वे अन्यत्र संस्थानों में चले जाते हैं। इस पर नीट एवं जे. ई. ई. की तैयारी की इच्छा रखने वाले छात्रों के लिए विद्यालय में ही कोचिंग की उचित व्यवस्था करने का निर्देश प्राचार्य को दिया गया।

**3. <u>कार्यसूची की मद संख्या– 02</u> : नेतरहाट विद्यालय समिति के कार्य संचालन के निमित निर्गत नियमावली में आवश्यक संशोधन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नये नियमावली के गठन हेतु विभागीय स्तर पर समिति का निर्माण :–**

इस विषय के संबंध में बैठक में उपस्थिति सभी सदस्यों का यह मत था कि वर्तमान की नेतरहाट विद्यालय समिति नियमावली 2010 में कुछेक बिन्दुओं में स्पष्टता की कमी है, अतः तद्नुसार आंशिक संशोधन की आवश्यकता है। जैसे कार्यकारिणी समिति में किसी प्रकार के निर्णय के पूर्व कोई कोरम निर्धारित नहीं है, जबकि किसी भी समिति के क्रियाकलाप की सूचिता को बनाये रखने के लिए उसका कोरम निर्धारित होना आवश्यक है। **नियमावली का अध्ययन कर वांछित संशोधन हेतु विभाग को परामर्श उपलब्ध कराने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। नेतरहाट विद्यालय समिति को सुचारू रूप से संचालित करने के निमित्त एक परामर्शदात्री समिति के गठन किये जाने का भी निर्णय लिया गया।** यह परामर्शदात्री समिति शिक्षकों का चयन, छात्रों का नामांकन, आश्रमाध्यक्षों की नियुक्ति, पाकशाला प्रभारियों का चयन इत्यादि कार्यों के सफल संचालन हेतु सुझाव देगी, जिसपर सामान्य निकाय के अनुमोदन के उपरांत कार्यकारिणी समिति इसे लागू कर सकेगी। समिति के घटक नेतरहाट विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों के पैनल में से चयनित छात्र, सेवानिवृत प्रशासनिक पदाधिकारी एवं किसी स्थानीय प्रबंधन संस्थान के पदाधिकारी होंगे। इस हेतु शीघ्र पूर्ववर्ती छात्रों का एक पैनल उपलब्ध कराने का निर्देश प्राचार्य को दिया गया।

4. कार्यसूची की मद संख्या–03: दिनांक–09.09.2024 को तत्कालीन विभागीय मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न सामान्य निकाय की बैठक की कार्यवाही के अनुपालन से संबंधित समीक्षा :–

इस संबंध में बैठक में उपस्थित विभागीय सचिव की ओर से समयाभाव को ध्यान में रखते हुए प्राचार्य, सह–सदस्य सचिव को निर्देश हुआ कि आगामी बैठक में सामान्य निकाय की 13 वीं बैठक की कार्यवाही विधिवत प्रस्तुत की जाय।

5. कार्यसूची की मद संख्या–04 : शिक्षकों के चयन एवं छात्रों के प्रवेश परीक्षा में पारदर्शिता पूर्वक प्रकिया कैसे बनाई जाय इत्यादि :–

बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों के बीच रोस्टर, पूर्व की चयन प्रक्रिया तथा वर्तमान में शिक्षकों की चयन प्रक्रियाओं पर चर्चा हुई। प्राचार्य सह–सदस्य सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को बताया गया कि विद्यालय में विगत वर्षों में भिन्न–भिन्न प्रक्रियाओं के तहत शिक्षकों का चयन कर नियुक्त किया गया है। इस पर बैठक के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि वर्तमान में हो रहे शिक्षक नियुक्ति प्रकिया में लागु विषयवार आरक्षण रोस्टर त्रुटियुक्त है अतः इसके निराकरण के उपरांत ही आगे कि आवश्यक प्रक्रिया अपनाने का निर्देश प्राचार्य को दिया गया। शिक्षक नियुक्ति में उचित प्रक्रियाओं को अपनाकर नियुक्ति किया जाना नियमसंगत प्रतीत होता है। अतएव, **शिक्षक नियुक्ति को पारदर्शी बनाए रखने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया का निर्माण नेतरहाट विद्यालय समिति स्तर पर किए जाने एवं उसका अनुमोदन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से प्राप्त करने के उपरांत ही आगे की नियुक्ति प्रक्रिया करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।**

नेतरहाट आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में छात्रों की कम होती संख्या पर बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा चिंता प्रकट की गयी क्योकि संयुक्त बिहार के समय प्रवेश परीक्षा में जहां प्रतिवर्ष 50000 तक परीक्षार्थियों की संख्या होती थी वह घटकर वर्तमान में 2000 तक पहुंच गयी है। प्रवेश परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ाने हेतु राज्य के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों एवं आदर्श विद्यालयों के छात्रों तथा अन्य सरकारी

विद्यालयों के छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होने हेतु प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया ताकि उच्च गुणवता के छात्र नेतरहाट विद्यालय में पहुंचें एवं विद्यालय की प्रतिष्ठा पुनः स्थापित की जा सके। प्रवेश परीक्षा में राज्य के प्रत्येक जिला से बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा के संबंध में हो रहे प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए बैठक में उपस्थित विभागीय सचिव द्वारा यह कहा गया कि नेतरहाट विद्यालय समिति अगर छात्रों की **प्रवेश परीक्षा का संचालन पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ नहीं करता है तो यह जिम्मेवारी झारखण्ड अधिविद्य परिषद को हस्तांतरित किया जा सकता है।** बैठक में उपस्थित उपायुक्त, लातेहार द्वारा बताया गया की वर्तमान में प्रवेश परीक्षा की प्रकिया समयबद्य पूर्ण नहीं होना सबसे बड़ी समस्या है। प्रवेश परीक्षा ससमय पूरी नहीं होने के कारण कक्षा छः का सत्र प्रत्येक वर्ष विलंब से प्रारंभ होता है। इस पर सचिव का निर्देश हुआ कि **नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शी बनाये जाने हेतु एक मानक संचालन प्रक्रिया का निर्माण किया जाय।** साथ ही प्रवेश परीक्षा की प्रकिया पारदर्शी तरीके से एवं समयबद्य पूर्ण करने हेतु **सत्र–2026–27 से नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा का संचालन झारखण्ड अधिविद्य परिषद को हस्तगत किये जाने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।**

6. <u>अन्यान्य</u> :– विभागीय सचिव द्वारा नेतरहाट विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री रोशन बक्शी को 50000 रूप्ये घूस लेते हुए एसीबी द्वारा रंगे हांथों पकड़े जाने की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए इस अप्रिय घटना को विद्यालय की प्रतिष्ठा पर बड़ी चोट बतायी गयी। साथ ही प्राचार्य से श्री बक्शी को निलंबित करने एवं उनके विरूद्व विभागीय कार्रवाई चलाये जाने की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गयी।

अंत में माननीय विभागीय मंत्री द्वारा अपने संबोधन में नेतरहाट आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु छात्रों के आवेदनों की घटती संख्या, विद्यालय में गुणवत्तापरक शिक्षा का ह्रास होने तथा 10वीं कक्षा के उपरांत विद्यालय के छात्रों द्वारा अन्यंत्र संस्थानों में नामांकन कराने आदि समस्याओं पर अपनी चिंता प्रकट करते हुए विद्यालय की गरिमा और प्रतिष्ठा को वापस

लाने हेतु विद्यालय की सभी समस्याओं के समाधान हेतु वांछित आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(संतोष कुमार)
प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति,
नेतरहाट

(उमा शंकर सिंह)
सचिव
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड सरकार, रांची

(रामदास सोरेन)
मंत्री,
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड सरकार, रांची

# नेतरहाट विद्यालय समिति

(एम.डी.आई.भवन परिसर,एच.ई.सी.,धुर्वा,रांची–834004)
(स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)

सामान्य निकाय एवं कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की दिनांक–18.02.2025 को आहूत समीक्षात्मक बैठक की उपस्थितिः

| क्र.सं. | नाम | समिति में धारित पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रामदास सोरेन, माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | अध्यक्ष | [signature] 18/02/2025 |
| 2. | विकास आयुक्त, झारखण्ड सरकार, रांची। | उपाध्यक्ष | |
| 3. | सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | सदस्य | [signature] |
| 4. | प्रमंडलीय आयुक्त, पलामू। | सदस्य | |
| 5. | उपायुक्त, लोहरदगा। | सदस्य | for [signature] 18-02-25 |
| 6. | उपायुक्त, लातेहार। | सदस्य | [signature] 18/02 |
| 7. | वित्त विभाग, के प्रतिनिधि (वित्त सचिव द्वारा मनोनीत सदस्य) वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | सदस्य | |
| 8. | डॉ. गिरीन्द्र प्रसाद, पूर्व शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | श्री मुरलीधर कोटवार, पूर्व शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य | 18/2/2025 |
| 10. | श्री धर्मराज सिहं, रष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्, नेतरहाट विद्यालय समिति। | सदस्य | 18/2/25 |
| 11. | प्रो. बैद्यनाथ लाभ, पूर्ववर्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य | |
| 12. | श्री आशीष आलोक, पूर्ववर्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य | Ashish Alok 18.02.25 |
| 13. | श्री संतोष उराँव, सभापति, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति। | सभापति, कार्यकारिणी समिति | Santosh 18.2.2025 |
| 14. | डॉ. कामिनी कुमार, (राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्), झारखण्ड, राँची। | सदस्य | Kamini Kumar 18.02.2025 |
| 15. | श्री संतोष कुमार, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | प्राचार्य सह–सदस्य सचिव | 18/02/25 |
| 16. | श्री ज्योति भ्रमर तुबिद, से.नि. भा.प्र.से., (पूर्ववर्ती छात्र), नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | (विशेष आमंत्रित) | |
| 17. | श्री सुनील चंद्र, (पूर्ववर्ती छात्र), नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | (विशेष आमंत्रित) (प्राधिकृत) श्री रमानिवास (पूर्ववर्ती) | Rama Niwas |
| 18. | श्री राजेश कुमार मुर्मू, अधीक्षण अभियंता, दुमका, (पूर्ववर्ती छात्र), नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | (विशेष आमंत्रित) | 18/2 |
| 19. | Aditya Ranjan. | Dir. Sec. | |
| | | | |